This Question Paper consists of 28 questions [Section - A (20) + Section - B (4+4)] and 12 Printed pages.

इस प्रश्न–पत्र में 28 प्रश्न [खण्ड–अ (20) + खण्ड–ब (4+4)] तथा 12 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Sl. No.

Roll No.
अनुक्रमांक

Code No. 58/OSS/1
कोड नं.

Set /सेट A

GEOGRAPHY
भूगोल
(316)

Day and Date of Examination
(परीक्षा का दिन व दिनांक) ____________________

Signature of Invigilators 1. ____________________
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर) 2. ____________________

General Instructions :

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. **58/OSS/1, Set -A** on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.
   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

सामान्य अनुदेश :

1. परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
4. अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र की कोड संख्या **58/OSS/1, Set - A** लिखें।
5. (क) प्रश्न–पत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
   अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।
   कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।
   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

GEOGRAPHY
भूगोल
(316)

Time : 3 Hours] [Maximum Marks : 80

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 80

Note :
- (i) There are **24** questions in all.
- (ii) **All** questions are compulsory.
- (iii) Marks for each question are indicated against it.
- (iv) Question Nos. **1** to **4** are very short answer questions carrying **1** mark each. Answer to these questions should not exceed **30** words each.
- (v) Question Nos. **5** to **9** and **21** and **22** are also very short answer questions carrying **2** marks each. Answers to these questions should not exceed **60** words each.
- (vi) Question Nos. **10** to **13** and **23** and **24** are short answer questions carrying **4** marks each. Answers to these questions should not exceed **100** words each.
- (vii) Question Nos. **14** to **18** are long answer questions carrying **6** marks each. Answer of each of these questions should not exceed **140** words each.
- (viii) Question Nos. **19** and **20** are on filling Outline Maps of the World and India respectively. Each question contains **4** test-items of very short answers of **1** mark each.
- (ix) Use of templates or stencils for drawing outline maps in illustrating your answer is allowed.
- (x) Answer to Question Nos. **21** to **24** of Section - B should be given from any **one** of the options.

निर्देश :
- (i) प्रश्नों की कुल संख्या 24 है।
- (ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।
- (iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके निर्धारित अंक दिए गए हैं।
- (iv) प्रश्न संख्या 1 से 4 तक अतिलघु–उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न का 1 अंक है। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।
- (v) प्रश्न संख्या 5 से 9 तक और 21 तथा 22 भी अतिलघु–उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।
- (vi) प्रश्न संख्या 10 से 13 तक और 23 तथा 24 लघु–उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के 4 अंक हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।
- (vii) प्रश्न संख्या 14 से 18 तक दीर्घ – उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के 6 अंक हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 140 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।
- (viii) प्रश्न संख्या 19 और 20 क्रमश: संसार और भारत के रेखा मानचित्रों के भरने पर हैं। प्रत्येक प्रश्न में अतिलघु–उत्तरों की 4 परीक्षण मदें 1-1 अंक की हैं।
- (ix) अपने उत्तर को स्पष्ट करने के लिए रेखा–मानचित्र बनाने के लिए साँचों या स्टेंसिलों के प्रयोग की अनुमति दी जाती है।
- (x) खण्ड–'ब' में प्रश्न संख्या 21 से 24 तक के उत्तर किसी **एक** विकल्प में से दीजिए।

SECTION - A

खण्ड – अ

1. Name the layer lying between the core and lithosphere. **[1]**

क्रोड़ और स्थलमंडल के बीच स्थित परत का नाम लिखिए ।

2. Define the term 'Epicentre'. **[1]**

'अधिकेन्द्र' शब्द को परिभाषित कीजिए ।

3. Mention any two most cyclone prone states of India. **[1]**

सबसे अधिक चक्रवात प्रभावित किन्हीं दो राज्यों का उल्लेख कीजिए ।

4. What is meant by 'diurnal migration'? **[1]**

'दैनिक प्रवास' का क्या अर्थ है?

5. State four main sub branches of 'Regional Geography'. **[½ × 4 = 2]**

'प्रादेशिक भूगोल' की चार मुख्य उपशाखाओं का उल्लेख कीजिए ।

6. Name the Northern most range of Himalayas. Write its average height from the sea level. **[1 + 1 = 2]**

हिमालय की सबसे उत्तरी श्रेणी का नाम लिखिए । इस श्रेणी की समुद्रतल से औसत ऊँचाई लिखिए ।

7. Give two examples each of biotic and abiotic resources. **[1 + 1 = 2]**

जैविक और अजैविक संसाधनों के दो–दो उदाहरण लिखिए ।

8. How do geographical thinking and concepts affect our daily decisions? Explain any two ways. **[1 × 2 = 2]**

भौगोलिक चिंतन और संकल्पनाएँ हमारे दिन–प्रतिदिन के निर्णयों को किस प्रकार प्रभावित करते हैं? किन्हीं दो तरीकों की व्याख्या कीजिए ।

9. Suggest any four measures to increase fish production in India. **[½ × 4 = 2]**

भारत में मत्स्य उत्पादन को बढ़ाने के लिए कोई चार उपाय सुझाइए ।

10. Explain any <u>four</u> points of importance of continental shelf to humans. **[1 × 4 = 4]**

मानव के लिए महाद्वीपीय निमग्न तट के महत्व के किन्हीं <u>चार</u> बिन्दुओं की व्याख्या कीजिए ।

11. 'Many changes have taken place in the lives of nomadic people of Arctic Tundra Biome'. Justify the statement with examples. **[4]**

'आर्कटिक टुण्ड्रा जीवोम के चलवासी लोगों के जीवन में बहुत से परिवर्तन हुए हैं ।' उदाहरणों सहित इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए ।

12. Study the diagram showing the structure of the atmosphere carefully and answer the questions that follow : **[1 × 4 = 4]**



i) In which layer of the atmosphere all kinds of weather changes take place?

ii) Which layer of the atmosphere is considered ideal for flying aircrafts?

iii) Due to which layer of the atmosphere radio broadcasting has become possible?

iv) Name the upper most layer of the atmosphere.

वायुमंडल की संरचना दिखाने वाले आरेख का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :



i) **वायुमंडल की किस परत में सभी प्रकार के मौसमी परिवर्तन होते हैं?**

ii) **वायुमंडल की कौन सी परत, वायुयानों को उड़ाने के लिए आदर्श समझी जाती है?**

iii) **वायुमंडल की किस परत के कारण, रेडियो प्रसारण संभव होता है?**

iv) **वायुमंडल की अंतिम परत का नाम लिखिए ।**

13. Study the map of India given below and answer the questions that follow :

[1 × 4 = 4]



i) In which parts of the country does the South West monsoon arrive first of all?

ii) In which areas of India does South West monsoon arrive last of all?

iii) Name any two stations which experience South West monsoon between 10^{th} and 15^{th} June.

iv) What are the probable dates of arrival of South West monsoon in Delhi?

नीचे दिए गए भारत के मानचित्र का अध्ययन कीजिए और इसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।



i) भारत के किस भाग में दक्षिण पश्चिम मानसून सबसे पहले पहुँचता है?

ii) भारत के किस भाग में दक्षिण पश्चिम मानसून सबसे बाद में पहुँचता है?

iii) किन्हीं दो स्थानों के नाम लिखिए, जिनमें दक्षिण पश्चिम मानसून के पहुँचने की अवधि 10 और 15 जून के बीच है?

iv) दिल्ली में दक्षिण पश्चिम मानसून के पहुँचने के सम्भावित दिनांक क्या हैं?

14. Describe any <u>six</u> factors responsible for uneven distribution of temperature over the surface of the earth. **[1 × 6 = 6]**

पृथ्वी के धरातल पर तापमान के असमान वितरण के लिए उत्तरदायी किन्हीं छः कारकों का वर्णन कीजिए ।

15. Describe any <u>six</u> issues which are important for the development of agriculture in India. **[1 × 6 = 6]**

भारत में कृषि के विकास के लिए महत्वपूर्ण किन्हीं <u>छः</u> मुद्दों का वर्णन कीजिए ।

16. Examine any four factors of soil formation. **[4 × 1½ = 6]**

मृदा निर्माण के किन्हीं <u>चार</u> कारकों की परख कीजिए ।

17. Suggest any <u>six</u> methods for water conservation in India. **[1 × 6 = 6]**

भारत में जल संरक्षण के लिए कोई <u>छः</u> उपाय सुझाइए ।

18. Examine economic and demographic consequences of migration in India.

[3 + 3 = 6]

भारत में प्रवास के आर्थिक और जनांकिकीय परिणामों की परख कीजिए ।

19. The following <u>four</u> geographical features are marked as (A), (B), (C) and (D) on the given outline map of the World. Identify these features with the help of the following information and write their correct names in your answer-book. **[1 × 4 = 4]**

(A) A volcano

(B) A plateau

(C) A grassland

(D) A desert



दिए गए संसार के रेखामानचित्र में निम्नलिखित चार भौगोलिक लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।

(A) ज्वालामुखी

(B) पठार

(C) घासभूमि

(D) मरूस्थल



20. The following <u>four</u> geographical features are marked as (A), (B), (C) and (D) on the given Political outline map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names in your answer-book :

[1 × 4 = 4]

(A) River

(B) Iron and Steel Plant

(C) Coal Field

(D) Hydel Power Station

Political Map of India



दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र में <u>चार</u> भौगोलिक लक्षणों को (A), (B), (C) और (D) द्वारा दिखाया गया है। इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की मदद से पहचानिए और उनके सही नाम अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए :

(A) नदी

(B) लोहा–इस्पात संयंत्र

(C) कोयला क्षेत्र

(D) जलशक्ति केन्द्र



SECTION - B
खण्ड – ब

OPTION - I
विकल्प – I
(Local Area Planning)
(स्थानीय क्षेत्र नियोजन)

21. State any two uses of maps in local area planning. **[1 × 2 = 2]**
स्थानीय क्षेत्र नियोजन में मानचित्रों के किन्हीं दो उपयोगों का उल्लेख कीजिए ।

22. Explain any two merits of 'mode'. **[1 × 2 = 2]**
'बहुलक' के किन्हीं दो गुणों की व्याख्या कीजिए ।

23. Explain any four steps involved in the collection of primary data. **[1 × 4 = 4]**
प्राथमिक आंकडों के एकत्रीकरण के लिए अपेक्षित किन्हीं चार सोपानों की व्याख्या कीजिए ।

24. Suggest any four priorities of planning for the improvement of slum areas in India. **[1 × 4 = 4]**
भारत में मलिन बस्तियों के सुधार के लिए नियोजन की कोई चार प्राथमिकताएँ सुझाइए ।

OPTION - II
विकल्प – II
(Geography of Tourism in India)
(भारत में पर्यटन भूगोल)

21. Mention any two factors for the popularity of Kovalam beach. **[1 × 2 = 2]**
कोवालम पुलिन की लोकप्रियता के किन्हीं दो कारकों का उल्लेख कीजीए ।

22. Explain any two characteristics of 'health tourism'. **[1 × 2 = 2]**
'स्वास्थ्य पर्यटन' की किन्हीं दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए ।

23. Describe any four negative impact of 'mass tourism' on the local youths. **[1 × 4 = 4]**
'जन पर्यटन' के स्थानीय युवाओं पर पड़ने वाले किन्हीं चार नकारात्मक प्रभावों का वर्णन कीजिए ।

24. How does tourism help in the development of underdeveloped areas? Explain with examples. **[1 × 4 = 4]**
पर्यटन, अल्प विकसित क्षेत्रों के विकास में कैसे मदद करता है? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए ।

⌘⌘⌘